**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**17.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**शाह–उत्तरी क्षेत्रीय परिषद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्य सरकारों के बीच समन्वय, जल बंटवारे के मुद्दों और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों और उनकी स्थायी समितियों की कुल 63 बैठकें हो चुकी हैं। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हितों और प्राथमिकताओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे बैठक में उठाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष पर्वतीय राज्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप नीतिगत सहयोग को और मज़बूत करने का सुझाव भी रखा गया।

---

**पंचायत चुनाव**

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव में देरी को लेकर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति जियालाल भारद्वाज की खंडपीठ ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से इस मामले में जवाब तलब कर 21 दिसंबर तक अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा है। पंचायतीराज चुनावों की समय सीमा को लेकर दायर जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की मंशा समय पर चुनाव करवाने की नहीं है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनदीप चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझ कर चुनाव में देरी कर रही है, जिससे पंचायत प्रक्रियाएं प्रभावित हो रही हैं।

---

**चिंतपूर्णी महोत्सव**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को गौरव के साथ संजोकर रखना सभी का दायित्व है। ऊना जिला के अंब में आयोजित तीन दिवसीय माता

श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उन्होंने ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव समाज को अपनी संस्कृति से जोड़कर रखते हैं और संस्कृति से जुड़ा समाज ही वास्तविक अर्थ में प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता है।

---

## शाह–लाजपत राय

देश के स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की आज पुण्य तिथि है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लाला लाजपत राय को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके बलिदान ने स्वतंत्रता संग्राम के बिखरे हुए धागों को एकजुट किया और उन्हें स्वतंत्रता की महान ज्वाला में बदल दिया। इधर शिमला में विधायक हरीश जनारथा ने शेर–ए–पंजाब लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के साहस की गाथा देशवासियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेगी।

---

## हिम महोत्सव

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, हस्तशिल्प, हैंडलूम, पाक कला और लोक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित 15 दिवसीय हिम महोत्सव कल दिल्ली हाट में शुरू हुआ। प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और कलात्मक विरासत को करीब से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह उत्सव 30 नवंबर तक चलेगा। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश अपनी अनूठी सांस्कृतिक विविधता, समृद्ध शिल्पकला, उत्कृष्ट हैंडलूम उत्पादों, विशिष्ट क्राफ्ट्समैनशिप और पारंपरिक व्यंजनों के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती से स्थापित करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है।

---

## मौसम

प्रदेश में पिछले काफी दिनों से मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि साफ मौसम के बावजूद शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस महीने अब तक सामान्य से 86 फीसदी कम

बारिश दर्ज की गई है। बारिश न होने से किसान परेशान हो रहे हैं और सरसों, मटर व जौ फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने प्रदेश में 21 नवंबर तक मौसम के आमतौर पर साफ और शुष्क बने रहने की संभावना जताई है।

---------------------------------------------------------------------------